आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 19.04.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का मुख्य कारण।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वोट बैंक को साधने के लिए कांग्रेस ने देश की सत्तर करोड़ महिलाओं के साथ विश्वासघात किया।

3– प्रदेष में अक्षय तृतीया और भगवान परषुराम की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है।

**और**

4– मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई।

...........

**<u>प्रधानमंत्री–संबोधन</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और इसके गठबंधन सहयोगियों ने महिला आरक्षण का विरोध करके जो पाप किया है, उसका दंड उन्हें अवश्य ही मिलेगा। विपक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में नारी शक्ति वंदन संशोधन का विरोध किया और उसे पास नहीं होने दिया। कल शाम राष्ट्र के नाम अपने संबोधन

में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे, क्योंकि देश की समस्त नारी शक्ति का आशीर्वाद उनकी सरकार के साथ है।

**संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन का जिन दलों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो–टूक कहूंगा ये लोग नारी शक्ति को फोर–ग्रांटेड ले रहे हैं। इसलिए महिला आरक्षण विरोध करके जो पाप विपक्ष ने किया है, इसकी उन्हें सजा जरूरी मिलेगी।**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया और कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिसके लिए वह सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का मुख्य कारण है। उन्होंने इस व्यवहार को महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर आघात बताया।

## नारी शक्ति वंदन–मुख्यमंत्री

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त करने वाला था। लेकिन, परिवारवादी राजनीति और वोट बैंक को साधने के लिए कांग्रेस ने देश की सत्तर करोड़ महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश की नारी शक्ति आने वाले समय में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएं अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं।

**शिवराज सिंह चौहान–बैठक**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेषों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिषन–ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। श्री चौहान ने राज्यों को निर्देष दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त काम उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी श्रमिक को रोजगार के लिए इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराना और समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिष्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**जनगणना**

छत्तीसगढ़ में जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत डिजिटल स्व–गणना की प्रक्रिया जारी है। अब तक राज्य में करीब चौदह हजार नागरिकों ने स्व–गणना पूरी कर ली है। स्व–गणना के तहत नागरिकों को पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण करना होता है। इसके बाद परिवार के मुखिया द्वारा संबंधित जानकारी दर्ज की जाती है। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक डिजिटल संदर्भ संख्या प्राप्त होती है, जिसे भविष्य में सत्यापन के समय प्रगणकों को प्रस्तुत करना होगा, जिससे डेटा मिलान का कार्य त्वरित और त्रुटिरहित तरीके से किया जा सके। स्व–गणना का कार्य आगामी तीस अप्रैल तक चलेगा।

स्व–गणना के बाद एक से तीस मई तक मकान की गणना और सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। आम जनता की सहायता के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर – **एक आठ पांच पांच** भी जारी किया गया है।

**लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट**

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्व–सहायता समूहों की महिलाओं को ''लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट'' वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि महिला सशक्तिकरण राज्य के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो परिवार, समाज और पूरा राज्य मजबूत होता है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

महिला और बाल विकास मंत्री ने बताया कि मिलेट्स कार्ट अभियान महिलाओं के लिए स्व–रोजगार का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। राज्य सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

**अक्षय तृतीया/परशुराम जयंती**

प्रदेष में अक्षय तृतीया का पर्व आज उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छोटे बच्चों ने जहां गुड्डे–गुड़ियों का विवाह रचाया, तो वहीं लोगों ने मंदिर–देवालयों में दान–दक्षिणा कर विषेष पूजा–अर्चना की। यह पर्व वैषाख माह के षुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है।

वहीं, आज भगवान परषुराम की जयंती भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। राजधानी रायपुर में समग्र ब्राम्हण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा महामाया देवी मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों, सत्य, धर्म और न्याय को अपनाने का संकल्प लिया।

उधर, अक्षय तृतीया के अवसर पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ आज उत्तराखंड में वार्षिक चारधाम यात्रा की शुरुआत हो गई। गंगोत्री मंदिर के भीतर देवी गंगा की प्रतिमा और यमुनोत्री मंदिर परिसर में यमुना की प्रतिमा पूरी रीति–रिवाज़ के साथ स्थापित की गई।

वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट बाईस अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट तेईस अप्रैल को खुलेंगे।

## प्लांट हादसा–जांच

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड में बीते दिनों हुए हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर चौबीस हो गई है। आज रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल बारह अन्य लोगों का इलाज प्रदेश के अलग–अलग अस्पतालों में चल रहा है।

## मावा मोदोल लाइब्रेरी–लोकार्पण

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज कांकेर जिले के चारामा में मावा मोदोल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। श्री साव ने लाईब्रेरी का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत् युवाओं से बातचीत की। गौरतलब है कि इस लाईब्रेरी में एक साथ पचहत्तर विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

## समीक्षा बैठक

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव कल से रायपुर में दो दिनों तक बैठक कर राज्य के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे निकायों में विकास कार्यों की प्रगति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे।

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पूर्वी उत्तरप्रदेश से झारखंड तक बनी हुई है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग सहित धमतरी, बालोद राजनांदगांव और गरियाबंद जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इससे लू जैसी स्थिति से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा आगामी चार मई से चार जून तक निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी तीस अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

– बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर करीब पांच लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

– बलरामपुर जिले में राजपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरियों में जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

और

– रायपुर–कोरबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज एक ट्राला में अज्ञात वाहन से टकराने के बाद आग लग गई। इस हादसे में चालक की मौके पर मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>